## खबर संक्षेप

### कर्ण नगरी में दिव्य गीता सत्संग आज से

करनाल। श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार की ओर से कर्ण नगरी में दिव्य गीता सत्संग का आयोजन 26 मार्च से किया जाएगा। गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के सानिध्य में सेक्टर 12 के हुडा मैदान में यह भव्य और विशाल आयोजन 30 मार्च तक चलेगा। सायंकाल में प्रतिदिन 3.30 बजे से 6.30 बजे तक गीता सत्संग होगा। सुबह 6.30 से 7.30 बजे तक ध्यान साधना शिविर लगाया जाएगा। 30 मार्च को सुबह 108 कुंडी विराट महायज्ञ होगा। यह संपूर्ण कार्यक्रम नव सम्वत अभिनंदन के उपलक्ष्य में किया जा रहा है।

### आंगनवाड़ी वर्कर्स के लिए प्रशिक्षण शिविर

**करनाल।** एसटीआई हब मिजोरम द्वारा आइजोल ग्रामीण ब्लॉक की 83 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण एवं जागरूकता शिविर का आयोजन सीनॉड कॉन्फ्रेंस सेंटर में सफलतापूर्वक किया गया। इस पहल का उद्देश्य आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को स्वास्थ्य, पोषण, डिजिटल सुरक्षा और आयुर्वेद-आधारित जीवनशैली से जुड़े विषयों में दक्ष बनाना था, ताकि वे अपने समुदायों की बेहतर सेवा कर सकें। इस अवसर पर मिजोरम के राज्य ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. लालनिलावमा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

### न्याय श्रुति एप पर निरंतर कार्य जारी: डीसी

**करनाल।** मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर ने मंगलवार को न्याय श्रुति एप्लीकेशन को लेकर करनाल के डीसी उत्तम सिंह के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की। इस दौरान करनाल के डीसी उत्तम सिंह ने न्याय श्रुति एप्लीकेशन को और बेहतर बनाने के लिए अपनी ओर से सुझाव दिए। इसके अतिरिक्त एसपी गंगाराम पूनिया ने भी इस संदर्भ में अपनी राय दी।

### भगवान परशुराम कॉलेज में रोजगार मेला 28 को

**कुरुक्षेत्र।** जिला रोजगार अधिकारी सीमा ने कहा कि 28 मार्च को भगवान परशुराम कॉलेज के सहयोग से सेक्टर-5 स्थित भगवान परशुराम कॉलेज परिसर में सुबह 10 बजे रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में कई नॉमी कंपनियां पहुंचकर युवाओं को रोजगार का अवसर मुहैया करवाएंगी। उन्होंने कहा कि 28 मार्च को आयोजित होने वाले रोजगार मेला में विभिन्न कंपनियां भाग लेंगी।

### स्कूल में दाखिला के लिए के लिए निकाली रैली

**थानेसर।** राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय हथीरा के इंचार्ज सूबे सिंह सुजान की अध्यक्षता में पूरे स्टाफ और बच्चों को लेकर हथीरा गांव में नामांकन अभियान के तहत जागरूक रैली निकाली गई और सभी बच्चों को लेकर गांव के सरपंच के पास पहुंचे। हर किसी का सहयोग लेने का भरसक प्रयत्न किया जा रहा है। केवल पोस्टर बनाना हमारा लक्ष्य नहीं है हम पोस्टर से ज्यादा मेहनत अभिभावकों के घर घर जाकर बात करने में ज्यादा समय लगा रहे हैं इससे पहले चार बार सभी स्टाफ सदस्यों ने घर घर जाकर दाखिला अभियान चलाया है।



### नव निर्वाचित पार्षद अनिरुद्ध का स्वागत

**कुरुक्षेत्र।** सेक्टर 13 की ब्राह्मण सभा द्वारा आज एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें ब्राह्मण समाज के लोगों द्वारा वार्ड 18 से नव निर्वाचित पार्षद अनिरुद्ध कौशिक का जोरदार फूल मालाओं के साथ स्वागत किया गया। सभा द्वारा उनको शाल उढ़ाकर भी सम्मानित किया गया। पार्षद अनिरुद्ध कौशिक ने कहा कि सेक्टर 13 की ब्राह्मण सभा ने मुझे जो सम्मान दिया है मैं इसका कर्ज अवश्य उतारूंगा। हर भाई के साथ दुख-सुख में कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहूंगा।

---

### 29 को निकलेगी शोभायात्रा, मंगल आरती, कलश पूजन के साथ होगा

# शक्तिपीठ श्री देवीकूप मां भद्रकाली मंदिर में नवरात्र को लेकर उत्साह

सनातन संस्कृति व हिन्दू धर्म में नवरात्रि उत्सव व दुर्गा पूजा का है विशेष महत्व

**मां के आशीर्वाद होगी धनवर्षा**

भद्रकाली सेवक मंडल के सदस्य रामपाल लाठर ने कहा कि हिन्दू नववर्ष के शुभ अवसर पर 30 मार्च को प्रात 7 से शाम 7 बजे तक माँ के सभी भक्तों को प्रसाद में माँ का विशेष खजाना मिलेगा। यह खजाना आपके घर परिवार में धन-वैभव की वृद्धि करेगा।

**शोभा यात्रा में होगा 52 शक्तिपीठों का**



रामपाल लाठर।

भद्रकाली सेवक मंडल के सदस्य रामपाल लाठर ने बताया कि शोभायात्रा में 52 शक्तिपीठों के प्रतीक स्वरूप 52 शक्ति त्रिशूल, सैकड़ों माँ के लाल ध्वज, हजारों मंगल कलश शिरोधार्य महिलाएं, सुन्दर झांकियाँ व बैंड बाजों के मंगल गान होंगे। माँ की पावन पवित्र ज्योति कुरुक्षेत्र नगर को प्रकाशमान करते हुए शाम 6 बजे मन्दिर में प्रतिस्थापित होगी। मां भद्रकाली जी के 108 फुट ऊंचे शिखर पर बुर्ज खलीफा की तर्ज पर होगा भव्य आतिशबाजी का आयोजनः हिन्दू नववर्ष अभिनंदन के उपलक्ष्य में प्रथम नवरात्रि 30 मार्च को रात्रि 8 बजे मां भद्रकाली जी के 108 फुट ऊंचे शिखर पर बुर्ज खलीफा की तर्ज पर भव्य आतिशबाजी का आयोजन होगा।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल

भद्रकाली सेवक मंडल के सदस्य रामपाल लाठर ने कहा कि सनातन संस्कृति व हिन्दू धर्म में नवरात्रि उत्सव व दुर्गा पूजा का विशेष महत्व है। 30 मार्च से शुरू हो रहे नवरात्रि उत्सव पूरे भारत वर्ष में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सम्पूर्ण सृष्टि को संचालित करने वाली आदिशक्ति मां दुर्गा की पूजा का नवरात्रि के दिनों में विशेष महत्व होता है। नौ दिनों के चलने वाले नवरात्रि दिनों में मां दुर्गा की अलग-अलग रूपों में पूजा की जाती है। इन पवित्र नवरात्रि पर्व को लेकर श्रद्धालु बड़ी दूर-दूर से शक्तिपीठ श्री देवीकूप मां भद्रकाली मंदिर झांसा रोड में आकर पूजा अर्चना करते है। रामपाल लाठर ने बताया कि पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा के सानिध्य में नवरात्रि महोत्सव को सुचारू रूप से चलाने के लिए सेवक मंडल के सदस्यों की डयूटियां भी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि इस बार महाशक्ति की महापूजा का महापर्व नवरात्रि महोत्सव 30 मार्च से शुरू होगा और 5 अप्रैल श्री दुर्गाष्टमी के साथ सम्पन्न होगा। प्रथम नवरात्र 30 मार्च को है, लेकिन शोभायात्रा 29 मार्च को निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि 29 मार्च को सुबह 6 बजे मंगला आरती, सुबह 8 बजे कलश पूजन व सुबह 9 बजे ध्वजारोहण होगा। वहीं दोपहर 12 बजे मां भद्रकाली जी की भव्य शोभायात्रा मां की पावन पवित्र ज्योति के साथ प्रारंभ होगी। जिसे मंत्री कृष्ण कुमार बेदी झंडी देकर रवाना करेंगे और मुख्य यजमान के तौर पर हल्दीराम से बाईस चेयरमैन एंड मैनेजिंग डायरेक्टर मधुसूदन अग्रवाल, मीं की कंजक शलोका पंडित शामिल होंगे। वहीं शाम 6 बजे नगर परिक्रमा करके महाआरती के साथ ज्योति प्रतिस्थापना होगी। जिसमें पूर्व न्यायाधीश सर्वोच्च न्यायालय न्यायमूर्ति इंदिरा बनर्जी मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत करेंगी। उन्होंने बताया कि नवरात्रि के दिनों में जो भी श्रद्धालु यहां आकर सच्चे मन से और विधिवत रूप से पूजा-अर्चना करता है उनकी सभी मनोकमानाएं पूर्ण हो जाती है। उन्होंने कहा कि पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने जो भी डयूटियां लगाई है उसमें हर सदस्य सेवादार की तरह अपनी जिम्मेदारी निभाएगा।

---



## हरियाणा की बेटी मधु ने राष्ट्रीय खेलों में गोल्ड मेडल जीता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल

अंतराष्ट्रीय किक बॉक्सिंग खिलाड़ी मधु कुमारी ने ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में मेरठ उत्तर प्रदेश की सुभारती यूनिवर्सिटी में 21 से 25 मार्च को मधु कुमारी ने अपने प्रतिद्वंदी को हराते हुए गोल्ड मेडल जीत कर अपने राज्य रिलायंस मेट सिटी ओर चितकारा यूनिवर्सिटी का नाम रोशन किया है मधु ने 56 kg भार वर्ग की चितकारा यूनिवर्सिटी की एम बी ए द्वितीय वर्ष की छात्रा है मधु के भर मे 22 विश्वविद्यालय के खिलाड़ी थे जिसमें मधु ने 6 राउंड पूरा कर की सुभारती यूनिवर्सिटी की खिलाड़ी ज्योति यादव को 1.11 के अंतर से हराते हुए गोल्ड मेडल जीता इस प्रतियोगिता में 175 विश्वविद्यालय के 980 महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों ने भाग लिया है मधु चितकारा यूनिवर्सिटी पंजाब की छात्रा ओर अंतर्राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग खिलाड़ी भी हैं मधु कुमारी की जीत पर सभी को बहुत गर्व है इस प्रतियोगिता की निर्णायक सीमा सैनी थी उत्तर प्रदेश के जनरल सेकेट्री अरविन्द सर्वालिया सुभारती यूनिवर्सिटी के स्पोर्ट्स डायरेक्टर मेजर संदीप कुमार जी एवं भारतीय किकबॉक्सिंग संघ से राष्ट्रिय अध्यक्ष संतोष कुमार अग्रवाल कर्नल रोमिल राजन रिलायंस मेट सिटी ओर लोकेश कापसे यशपाल कहरवाल और कोच जसवंत सिंह अंतर्राष्ट्रीय रेफरी ने मधु की जीत पर बहुत बहुत शुभकामनाएं दी।

---

## छठ पर्व सेवा समिति ने भाजपा जिला प्रधान का किया भव्य अभिनंदन

- सूर्य मंदिर के प्रधान सुरेश कुमार यादव ने मंदिर और मंडल की गतिविधियों से अवगत करवाया



हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल

छठ पर्व सेवा समिति मंडल (सूर्य मंदिर) की ओर से भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिला प्रधान प्रवीण लाठर का अभिनंदन किया गया। सूर्य मंदिर के पदाधिकारी व सदस्य कर्ण कमल कार्यालय पहुंचे। यहां प्रधान सुरेश कुमार यादव ने मंडल की ओर से प्रवीण लाठर को पुष्प गुच्छ भेंट किया। लड्डू खिलाकर मुंह मीठा करवाया गया। भाजपा जिला प्रधान प्रवीण लाठर ने मंडल के सभी लोगों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि केंद्र और हरियाणा में भाजपा सरकारों के शासन में सभी धार्मिक व सामाजिक संस्थानों का विकास करने में योगदान दिया जा रहा है। सूर्य मंदिर के प्रधान सुरेश कुमार यादव ने मंदिर और मंडल की गतिविधियों से अवगत करवाया। इस अवसर पर प्रधान सुरेश कुमार यादव, अर्जुन पंडित, उमेश चौहान, शत्रोघन राय, राम सागर राय, राम विलास, राम दयाल, अरविंद यादव, भूषण राय, भोला राय, मुंशी राय, नागेंद्र महतो, सिकंदर महतो, नंद किशोर गुप्ता, शंकर गुप्ता, रोहित कुमार, अशोक यादव, अरविंद यादव, बबलू सिंह, दिवाकर महतो, दिलीप महतो, राजेश्वर राय, राम सागर, राम सोगारथ, घनश्याम, रणजीत, सतनारायण, वशिष्ठ पंडित व दीपक पंडित आदि मौजूद रहे।

---

### पैनासोनिक ने एसी मॉडल्स की नई रेंज लॉन्च की

**करनाल।** पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस इंडिया ने आज उत्तर भारत में अपने वर्ष 2025 के एसी मॉडल्स की नई रेंज लॉन्च की। उत्तर भारत में करनाल कंपनी के लिए महत्वपूर्ण बाजार बना हुआ है। कंपनी की यह रेजिडेंशियल एयर कंडीशनर (आरएसी) श्रृंखला स्मार्ट लिविंग को नये अंदाज में परिभाषित करने के साथ-साथ चिलचिलाती गर्मी के दौरान 55 डिग्री सेल्सियस तक के तापमान का सामना करने की क्षमता रखती है। नई रेंज में 1.0, 1.5 और 2.0 टन के 61 मॉडल शामिल हैं, जो अब देशभर के प्रमुख रिटेल स्टोर्स, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स और पैनासोनिक के ऑनलाइन ब्रांड स्टोर पर उपलब्ध हैंइन एयर कंडीशनरों को कंपनी के आईओटी सक्षम 'मिराइ' प्लेटफॉर्म से नियंत्रित किया जा सकता है।

---

## तीगुनी गति से कार्य करेगी ट्रिपल इंजन की सरकारः जगमोहन

- जल्द अधिकारियों के साथ रखी जाएगी मीटिंग, शहर के विकास कार्यों का तैयार होगा रोडमैप



हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल

करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने कहा अब हरियाणा में ट्रिपल इंजन की सरकार तीगुनी गति से कार्य करेगी। पंचकूला में प्रदेश के सभी नगर निगम के नवनिर्वाचित मेयर ने शपथ ले ली है। करनाल की मेयर रेनू बाला गुप्ता ने भी मेयर की शपथ ले ली है। अब शहर की सरकार तेज गति से कार्य करेगी। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि विधानसभा सत्र की समाप्ति के बाद जल्द ही नगर निगम के अधिकारियों की बैठक की जाएगी। इस बैठक में शहर के विकास कार्यों का रोड मैप तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को सख्त निर्देश पहले भी दिए गए हैं कि किसी भी आम व्यक्ति को परेशानी न आए। इसके अतिरिक्त शहरवासियों की जो भी समस्याएं हैं, वह जल्द से जल्द दूर की जाए। निर्माण कार्य पर होगी प्रोजेक्ट की जानकारी विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि अब नगर निगम के अंतर्गत कहीं भी कोई निर्माण या विकास कार्य शुरू होगा वहां उस प्रोजेक्ट का नाम, प्रोजेक्ट की अनुमानित राशि, प्रोजेक्ट के पूरे होने की अनुमानित तारीख व टेंडर किसे दिया गया है, उस ठेकेदार का नाम व संबंधित अधिकारी का मोबाइल नंबर अंकित किया जाएगा।

---

## शहर की पुरानी अनाज मंडी स्थल पर निर्माणाधीन कॉमर्शियल स्पेस प्रोजेक्ट तेजी से बढ़ रहा आगे

- प्रोजेक्ट में बनेगी डबल बेसमेंट पार्किंग, रेस्टोरेंट, फूड कोर्ट व गेमिंग जोन भी होगा, शहरवासियों को मिलेगा लाभ



हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल

शहर की पुरानी अनाज मंडी स्थल पर निर्माणाधीन कॉमर्शियल स्पेस परियोजना तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसके मुकम्मल होने से शहरवासियों को पार्किंग, रेस्टोरेंट, फूड कोर्ट तथा गेमिंग जोन जैसी सुविधाएं मुहैया होंगी, जिससे शहर का सौंदर्यकरण होने के साथ-साथ नागरिकों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। परियोजना को अक्तूबर 2025 तक पूरा कर लिए जाने की प्रबल उम्मीद है। इस परियोजना पर अनुमानित 27 करोड़ 95 लाख रुपये की राशि खर्च की जाएगी। बिल्डिंग का 5 साल का संचालन एवं रख-रखाव भी निर्माण एजेंसी द्वारा ही किया जाएगा। यह जानकारी नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने दी। निगमायुक्त ने बताया कि प्रोजेक्ट के निर्माण के लिए नगर निगम की ओर से कुरूक्षेत्र आधारित अंतराष्ट्रीय स्तर की निर्माण एजेंसी कृष्णा कंस्ट्रक्शन को इसका वर्क अलॉट किया गया था। इसका निर्माण ई.पी.सी. यानि इंजीनियरिंग प्रोक्योरमेंट एंड कंस्ट्रक्शन पर आधारित होगा। उन्होंने बताया कि प्रोजेक्ट की ड्राईंग के अनुसार यह तीन तल का होगा। इसमें डबल बेसमेंट बनाई जाएंगी, जिसमें वाहनों के लिए पार्किंग की जगह होगी। भूतल व प्रथम तल पर शॉपिंग एरिया होगा। द्वितीय तल पर रेस्टोरेंट व फूड कोर्ट होंगे तथा तृतीय तल पर मनोरंजन के लिए गेमिंग जोन का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस प्रोजेक्ट के बनने से पुरानी अनाज मंडी स्थल का सौंदर्यकरण होगा। शहर व नावल्टी रोड क्षेत्र में आने वाले वाहन इसमें पार्क किए जा सकेंगे, जिससे बाजार में भीड़ कम होगी। वाहन चालकों को सुरक्षित और माकूल जगह पर अपने वाहन खड़े करने की सुविधा मिलेगी। रेस्टोरेंट व फूड कोर्ट में लोगों को खाने-पीने के अच्छे व्यंजन मिलेंगे। बच्चे व बड़े सभी गेमिंग जोन का लुत्फ उठा सकेंगे।

---

### रियलमी ने पी3 सीरीज की दूसरी श्रृंखला पेश की

**करनाल।** स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने खास भारत के लिए डिजाइन की गई रियलमी पी3 सीरीज की दूसरा श्रृंखला पेश की है। इस सीरीज में रियलमी पी3 अल्ट्रा 5जी और रियलमी पी3 5जी पेश किए गए हैं, जिनसे भारतीय यूजर्स के लिए अनुकूलित अत्याधुनिक इनोवेशन की रियलमी की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है।

रियलमी ने परफॉर्मेंस, सुगम मल्टीटास्किंग, और गेमिंग के बेहतरीन अनुभव पर केंद्रित रहते हुए पी3 सीरीज 5जी पेश की है, जिसने मिड-रेंज सेगमेंट में नए मानक स्थापित कर दिए हैं, और यूजर अनुभव में सुधार लाने के लिए सेगमेंट के सर्वश्रेष्ठ इनोवेशन पेश किए हैं। रियलमी पी3 अल्ट्रा 5जी और रियलमी पी3 5जी सीमाओं को बढ़ाते ही नहीं हैं, बल्कि उन्हें खत्म कर देते हैं। मिड रेंज सेगमेंट में नए मानक स्थापित करके ये डिवाइस अत्याधुनिक डिज़ाइन के साथ शानदार परफॉर्मेंस प्रदान कर रही हैं, ताकि अत्यधिक प्रतिस्पर्धी बाजार में भी उनका दबदबा बना रहे।

---



## सरकार सभी राज्यों के बिजली विभाग के निजीकरण पर आमादा : रविंद्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल

ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन की सिटी यूनिट करनाल की मीटिंग बी टाइप रेस्ट हाउस में आयोजित की गई।

मीटिंग की अध्यक्षता वरिष्ठ उप प्रधान रविंद्र मान ने की और संचालन सह सचिव विनोद कुमार ने किया। मीटिंग को संबोधित करते हुए उप महासचिव राजेंद्र राणा, राज्य सचिव सतीश मान व सर्कल सचिव विशाल बनवाला ने कहा कि केंद्र की सरकार सभी राज्यों के बिजली विभाग के निजीकरण पर आमादा है, जिसके कारण बिजली आम आदमी की पहुंच से बाहर हो जाएगी व रोजगार का संकट पैदा होगा। उन्होंने कहा कि बिजली के रेट पेट्रोल व डीजल की तरह रोज बढ़ेंगे।

करनाल के बिजली कर्मचारी यूनियन के आंदोलन में बढ़-चढ़कर शामिल होंगे। इस अवसर पर राज्य कमेटी नेता राकेश संधू, विकास कुमार, यूनिट कैशियर जोगिंदर सिंह, उप प्रधान संजीव कुमार, रमेश शर्मा, सतीश कुमार, प्रेस सचिव डॉ नवीन, डिंपल, सुरेंद्र कंबोज, मोहन शर्मा, सोमबीर, विनोद कुमार पप्पू शर्मा, शुभम सैनी व रॉबिन आदि मौजूद रहे।

---

## हरियाणा टूरिज्म रिटायर्ड कर्मचारी संघ ने बैठक कर रखी समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल

हरियाणा टूरिज्म रिटायर्ड कर्मचारी संघ की बैठक मानव सेवा संघ में हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश महामंत्री मोहिंद्र नरवाल ने की। संचालन प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम चंद ने किया। पर्यटन विभाग सेवेनिवृत कर्मचारियों की मांगों और समस्याओं पर चर्चा की गई। सदस्यों ने सुझाव दिए कि मांगों को पुरजोर तरीके से उठाया जाना चाहिए। विधायकों, सांसदों और मंत्रियों से मिलकर कर्मचारियों को अपनी बात रखनी होगी। महामंत्री मोहिंद्र नरवाल ने कहा कि मुख्य मांगों में एलटीसी लागू करना, एचआरए एक जनवरी 2016 से पर्यटन निगम में लागू करना, कैशलेस मेडिकल सुविधा देना व मेडिकल बिल का तुरंत भुगतान करना शामिल हैं। प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम चंद ने कहा कि पर्यटन निगम का निजीकरण न किया जाए। इस अवसर पर अनिल बजाज, राज कुमार, प्रेम वोहरा, जेडएस कालरा, खेम दत्त व केएल वर्मा आदि मौजूद रहे।

---

### पुंडरक गांव की दोनों सगी बहनें हैं कैडेट

## एनसीसी एयरविंग की दो कैडेट्स का आर्मी और नेवी में हुए चयन से जश्न का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल

पंडित चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय सेक्टर-14 करनाल की दो एनसीसी एयरविंग कैडेट्स कैडेट नेहा और कैडेट तनु का भारतीय सेना और भारतीय नेवी में चयन होने पर महाविद्यालय की प्राचार्य डा. रेखा त्यागी एवं वरिष्ठ स्टाफ सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया। एनसीसी एयर विंग अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार दुग्गल ने बताया कि महाविद्यालय में नं० 2 हरियाणा एनसीसी एयर स्क्वाड्रन करनाल के कमांडिंग ऑफिसर विंग कमांडर सेनिन बशीर के निर्देशानुसार



एनसीसी एयरविंग का प्रशिक्षण दिया जाता है जिसका उद्देश्य महाविद्यालय के ज्यादा से ज्यादा युवा विद्यार्थियों को भारतीय सेना, वायु सेना और नेवी से जुड़ कर देश सेवा एवं देश रक्षा करने के लिए प्रेरित किया जाता है उसी के अनुसरण में एनसीसी एयर विंग की दो कैडेट्स कैडेट नेहा और कैडेट तनु जो की गांव पुंडरक से है और दोनों सगी बहने भी है नेहा का चयन भारतीय सेना और कैडेट तनु का चयन भारतीय नेवी में एक लम्बी चयन प्रक्रिया से गुजरने के बाद हुआ है जिससे महाविद्यालय में ख़ुशी का माहौल है प्राचार्य डॉ रेखा त्यागी ने दोनों कैडेट्स को मिठाई खिलाते हुए शुभाशीष दिया और दोनों के देश सेवा के जज्बे की भूरी-भूरी प्रशंसा की। कैडेट नेहा ने बताया की उसे अगले महीने 27 अप्रैल को बेंगलुरु और कैडेट तनु को 8 अप्रैल को उड़ीसा में प्रशिक्षण के लिए रिपोर्ट करना है सभी स्टाफ सदस्यों ने दोनों कैडेट्स के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें और उनके माता-पिता को ढेर सारी बधाई और शुभकामनाये दी।

## खबर संक्षेप



### शुभम हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का आयोजन

**पानीपत।** निफा दिव्यांग विंग द्वारा बापौली शुभम हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यशपाल कादियान निफा दिव्यांग विंग के राज्य सचिव ने बताया की पिछले वर्ष हमारी संवेदना पहल के तहत हमने एक लाख यूनिट रक्त संग्रह कर हजारों दानदाताओं को एकजुट किया और इस वर्ष हम संवेदना 2.0 के माध्यम से एक और बड़ा लक्ष्य निर्धारित कर रहे हैं।

### कुलदीप राठी बने इनेलो जिलाध्यक्ष

**पानीपत।** इंडियन नेशनल लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला द्वारा पानीपत के कुलदीप राठी को जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की है।

### पुलिस ने मोबाइल चोर पकड़ा

**पानीपत।** पानीपत के देवी लाल पार्क में घूमने गए नकुल का मोबाइल फोन सैट चोरी करने के आरोपी असीम पुत्र इमरान निवासी गांव राक्सेहडा जिला पानीपत को गिरफ्तार कर लिया है। सीआईए वन प्रभारी संदीप ने बताया कि मोबाइल चोरी की उक्त वारदात बारे थाना सेक्टर 13/17 में नकुल पुत्र रामअधार निवासी पूरेवाल कॉलोनी, कच्चा कैंप क्षेत्र, पानीपत की शिकायत पर केस दर्ज है।

### मूलभूत सुविधाओं का टोटा

**पानीपत।** हुडा सेक्टर आठ के निवासियों को मूलभूत सुविधाएं भी नहीं मिल रही है। जबकि सेक्टर निवासी हुडा के उच्च अधिकारियों, मंत्री, विधायक एवं मुख्य सचिव से भी सुविधाओं के लिए मांग कर चुके है। वहीं, सेक्टर में कोई भी मूलभूत सुविधा उपलब्ध नहीं है। हालत यह हैं कि उनके सेक्टर को जीटी रोड से कोई सीधा रास्ता तक नहीं दिया गया है।

### शिक्षा इंसान की तरक्की की राह

**पानीपत।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव बापौली में नामांकन बढ़ाने के लिए रैली का आयोजन किया गया। रैली को स्कूल की प्रधानाचार्या बिंदिया ने झंड़ी दिखाकर रवाना करते हुए कहा कि हमारे राजकीय स्कूलों में आज शिक्षा विभाग द्वारा सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। जिसके बूते सार्थक परिणाम आ रहे हैं। इस अवसर पर प्राध्यापक आजाद सिंह, सुनील वत्स, जसबीर, कुलदीप, कमलेश, अनुराधा, ऋतु, सुनीता, शीला,

### अवैध खनन पर प्रशासन सख्त

**पानीपत।** पानीपत जिला खनन अधिकारी निरंजन सिह ने बताया जनवरी माह से अवैध खनन को रोकने व बिना ई रवाना बिल के खनिज वाहनों के संचालन पर सख्त कदम उठाए हैं।

### ग्रैंड पेरेंट्स का सम्मान किया

**पानीपत।** जैन किड्स स्कूल में दादा दादी और नाना नानी के प्रति विशेष आभार व्यक्त करने एवं उनके प्रति बच्चों में सम्मान और प्यार दर्शाने हेतु स्कूल की ओर से ग्रैंड पेरेंट्स दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### आईबी कॉलेज का नितिन थ्रर्ड

**पानीपत।** आईबी पीजी महाविद्यालय के छात्र नितिन ने डॉ.सुनीता ढांडा के निर्देशन में इंदिरा गांधी महिला महाविद्यालय कैथल में आयोजित राष्ट्र स्तरीय गिफ्ट रैपिंग प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज परिसर में प्रबंधन समिति के सदस्य एलएन मिगलानी, प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक, डॉ.निधान सिंह, डॉ.सीमा व डॉ.सुनीता ढांडा ने नितिन को बधाई व उज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

# राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का शताब्दी वर्ष, सावधानी गुणवत्ता व व्यापकता से कार्य करेगा आरएसएसः प्रताप सिंह

## संघ का हरियाणा में 2000 स्थानों पर शाखा मिलन मंडली करने का लक्ष्य

■ इस वर्ष विजयादशमी के दिन संघ के 100 वर्ष पूरे हो रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की बेंगलुरू में हुई अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा के बारे में मीडिया को जानकारी देते हुए हरियाणा के प्रांत संघचालक प्रताप सिंह ने कहा कि संघ देश के कोने-कोने तक पहुंचने में सफल रहा है। उन्होंने कहा कि संघ न केवल राष्ट्र को एकजुट करने का काम करता है, बल्कि प्राकृतिक आपदाओं के दौरान तथा उसके बाद राहत एवं पुनर्वास कार्यों में भी सक्रिय रूप से शामिल रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक प्रतापसिंह मंगलवार को यहां पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस अवसर पर उनके साथ प्रांत प्रचार प्रमुख राजेश कुमार भी मौजूद रहे। प्रताप सिंह ने कहा कि इस वर्ष विजयादशमी के दिन संघ के 100 वर्ष पूरे हो रहे हैं।

जैसा कि पहले बताया जा चुका है, आने वाला वर्ष संघ कार्य के विस्तार तथा सुदृढ़ीकरण पर केंद्रित होगा। संघ का उद्देश्य इस उपलब्धि का उत्सव मनाना नहीं है, बल्कि आत्मचिंतन करना, संघ कार्य के लिए समाज द्वारा दिए समर्थन के लिए आभार प्रकट करना तथा राष्ट्र के लिए तथा समाज को संगठित करने के लिए स्वयं को पुनः समर्पित करना है। उन्होंने कहा कि शताब्दी वर्ष में हम अधिक सावधानी, गुणवत्ता तथा व्यापकता से कार्य करने का संकल्प लेते हैं।

**खास बातें**

■ संघ न केवल राष्ट्र को एकजुट करने का काम करता है, प्राकृतिक आपदाओं के दौरान तथा उसके बाद राहत एवं पुनर्वास कार्यों में भी सक्रिय रूप से शामिल

### सभी मंडलों और बस्तियों में हिन्दू सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे

**घर-घर संपर्क करेगा संघ**

प्रताप ने कहा कि नवंबर 2025 से जनवरी 2026 तक तीन सप्ताह तक बड़े पैमाने पर घर-घर संपर्क अभियान की योजना बनाई गई है, जिसका लक्ष्य रखा गया 'हर गांव, हर बस्ती, घर-घर' जाना। संपर्क के दौरान संघ साहित्य वितरित किया जाएगा और स्थानीय इकाइयों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सभी मंडलों और बस्तियों में हिन्दू सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे, जिसमें बिना किसी भेदभाव के प्रत्येक के जीवन में एकता और सद्भाव, राष्ट्र के विकास में सभी का योगदान और पंच परिवर्तन में प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी का संदेश दिया जाएगा। खंड व नगर स्तर पर सामाजिक सद्भाव बैठकें आयोजित की जाएंगी, जिसमें एक साथ मिलकर रहने पर बल दिया जाएगा। इन बैठकों का उद्देश्य सांस्कृतिक आधार और हिन्दू चरित्र को खोए बिना आधुनिक जीवन जीने का संदेश देना होगा।



**पानीपत।** प्रेस वार्ता करते हुए हरियाणा के प्रांत संघचालक प्रताप सिंह व प्रचार प्रमुख राजेश कुमार। फोटो : हरिभूमि



### जिला स्तर पर नागरिक संवाद करेगा संघ

प्रताप ने कहा कि जिला स्तर पर प्रमुख नागरिक संवाद आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में राष्ट्रीय विषयों पर सही विमर्श स्थापित करने और आज प्रचलित गलत विमर्श को दूर करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। युवाओं के लिए विशेष कार्यक्रम हरियाणा प्रांत द्वारा आयोजित किए जाएंगे। 15 से 30 वर्ष की आयु के युवाओं के लिए राष्ट्र निर्माण, सेवा गतिविधियों और पंच परिवर्तन पर केंद्रित कार्यक्रम किए जाएंगे। राजेश ने बताया कि हरियाणा में 1177 स्थानों पर संघ की 2162 शाखाएं, 409 स्थानों पर मिलन, 155 स्थानों पर मंडली कुल मिलाकर लगभग 1700 स्थानों पर हरियाणा में सीधा-सीधा संघ का कार्य है।

## बाल श्रम करते हुए 11 बच्चों को रेस्क्यू करवाया

# बाल श्रम करवाने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी

संस्था हरियाणा के 15 जिलों में बाल विवाह, बाल श्रम और बाल यौन दुर्व्यवहार के खिलाफ काम कर रही है।



**पानीपत।** एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था, एएचटीयू की टीम द्वारा रेस्क्यू किए गए बाल श्रमिक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था द्वारा न्याय तक पहुंच-तीन अभियान के तहत बाल विवाह एवं बाल श्रम मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत संस्था की शिकायत पर पुलिस की मानव तस्करी विरोधी इकाई (एएचटीयू) टीम ने छोटू राम चौक से बाल श्रम करते हुए 11 बच्चों को रेस्क्यू करवाकर बाल कल्याण समिति में पेश किया गया ताकि उन्हें समाज की मुख्यधारा में जोड़ा जा सके।

इस अभियान के तहत आज एंटी ह्यूमन ट्रैफिक यूनिट की कार्रवाई में स्टेट क्राइम ब्रांच इंचार्ज एस आई संदीप कुमार, एएसआई सुनील कुमार, हेड कांस्टेबल मुकेश चहल और

■ बाल श्रम की गतिविधि में शामिल व्यक्ति के खिलाफ 20 हजार से लेकर 50 हजार रुपये तक की राशि का जुर्माना व 6 महीने की सजा का प्रावधान

एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था से अजय चौहान मौजूद रहे। वहीं, एसआई संदीप कुमार ने कहा कि बाल श्रम रोकने के लिए जिले के अलग-अलग इलाकों में जागरूकता अभियान एवं रेस्क्यू ऑपरेशन चलाए जा रहे है। कई सरकारी विभागों व संस्थाओं ने मिलकर फ्लोरा चौंक पर बाल श्रम और भिक्षा वृत्ति के खिलाफ शहर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है और दुकानदारों, फैक्ट्रियों मालिकों व स्थानीय नागरिकों से अपील की जा रही है कि वे किसी भी बच्चे को काम पर लगाने की बजाय उन्हें स्कूल भेजें और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं लेकिन लोग बाज नहीं आ रहे। इसलिए कानून की उल्लंघना करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बाल श्रम निषेध एवं संशोधन अधिनियम के तहत यदि कोई भी व्यक्ति छोटे बच्चों से बाल श्रम करवा रहा हो तो बाल श्रम की गतिविधि में शामिल व्यक्ति के खिलाफ 20 हजार से लेकर 50 हजार रुपये तक की राशि का जुर्माना व 6 महीने की सजा का प्रावधान है। मुक्त करवाए गए सभी बच्चे 10 से 14 साल के हैं। ये बच्चे गरीबी और अनपढ़ता के चलते बाल श्रम कर रहे थे। बच्चों का कहना था कि वो भी पढ़ना चाहते हैं लेकिन परिवार की आर्थिक हालत के चलते नहीं पढ़ पा रहे। उनके परिवार बेहद गरीब हैं और उन्हें परिवार का हाथ बंटाने के लिए मजदूरी करनी पड़ रही है। इधर, एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था स्टेट क्राइम ब्रांच, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रम विभाग, बाल सुरक्षा विभाग के साथ मिलकर बाल विवाह एवं बाल श्रम मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता अभियान चला रही है। संस्था हरियाणा के 15 जिलों में बाल विवाह, बाल श्रम और बाल यौन दुर्व्यवहार के खिलाफ काम कर रही है।

# मेहनत से मिलती है सफलताः डॉ. प्रभा

■ प्रतियोगिता में एमएससी मैथ्स के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गणित विभाग द्वारा एमएससी मैथ्स के विद्यार्थियों के लिए प्रेजेंटेशन ऑन "बाउंड्री वैल्यू प्रॉब्लम एंड पार्शियल डिफरेंशियल इक्वेशन" विषय पर प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें कॉलेज के एमएससी मैथ्स के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। यह प्रतियोगिता प्रो. मुस्कान की देखरेख में संपन्न हुई। वहीं, कॉलेज की प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने विद्यार्थियों की



**पानीपत।** प्रभा मलिक के साथ विजेता विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

मेहनत और समर्पण की सरहाना की और उन्हें निरन्तर प्रयास करने और उत्कृष्टता की व अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया। मेहनत से सफलता मिलती है। डॉ. मलिक ने कहा कि यदि हम मजबूत इच्छा शक्ति, विश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ प्रयास करें तो कुछ भी असंभव नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि छात्रों का कर्तव्य है कि ज्ञान प्राप्त करने के लिए ईमानदारी से अध्ययन करे ताकि बड़े पैमाने पर खुद को और समाज को मदद करने में सक्षम हों। इस प्रतियोगिता में आंचल एमएससी फाइनल, प्रथम, शिक्षा एमएससी प्रीवियस द्वितीय और करण एमएससी फाइनल तृतीय स्थान पर रहा। प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने विजयी छात्रों को प्रमाण पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया। साथ ही विभागाध्यक्षा डॉ. अर्पणा गर्ग, प्रो. कनक, डॉ. पूनम गुप्ता, प्रो. संगीता, प्रो. मनीष, प्रो. कोमल, प्रो. कृति, प्रो. प्रियंका, प्रो. मुस्कान ने विजयी छात्रों की सराहना की ।

# पंचायती राज संस्थाओं का वार्ड वाइज ड्राफ्ट पब्लिकेशन होगा

**पानीपत।** पंचायती राज संस्थाओं की मतदाता सूचियों में संशोधन उपरांत मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। उपायुक्त एवं निर्वाचन अधिकारी डॉ. वीरेन्द्र दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि 11 अप्रैल से वार्ड वाइज ड्राफ्ट मतदाता सूची का पब्लिकेशन होगा। 18 अप्रैल को दावे और आपत्तियां जिला निर्वाचन अधिकारी के समकक्ष दी जा सकेगी। 22 अप्रैल तक जिला निर्वाचन अधिकारी इन दावे और आपत्तियों को निरस्त कर सकेगा। 25 अप्रैल तक उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष उक्त फैसले के विरूद्ध अपील की जा सकेगी। यह अपील उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा 6 मई तक निरस्त की जा सकेगी।

**इन गांवों में पद खाली**

उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि जिला के समालखा खण्ड के चुलकाना के लिए पंच (महिला), जौरासी सर्फ खास के लिए पंच (महिलाओं के अलावा अन्य), सिम्बलगढ़ के लिए पंच (पिछड़ा वर्ग-ए, महिलाओं के अलावा अन्य), वजीरपुर टिटाना के लिए पंच (महिला) के पद रिक्त हुए हैं। सनौली खुर्द खण्ड के झाम्बा के लिए पंच के लिए (महिला), खरड़ के लिए पंच (महिला), धनशौली के लिए पंच (महिलाओं के अलावा अन्य), छाजपुर खुर्द के लिए पंच (महिलाओं के अलावा अन्य) के पद रिक्त हुए हैं।

## 25 स्वंयसेवकों ने रक्तदान किया

**पानीपत।** रेडक्रास सोसाइटी परिसर में मंगलवार को सोसाइटी के उपाध्यक्ष अंकुश मिगलानी के 39 वें जन्म दिवस के उपलक्षय में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 25 स्वंयसेवकों ने रक्तदान किया। रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया।

वहीं, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गौरव रामकरण ने कहा कि कोई भी स्वस्थ्य व्यक्ति जिसकी उम्र 18 वर्ष से 65 वर्ष के बीच में है, एचबी की मात्रा 125 ग्राम या अधिक है, वजन 50 किलोग्राम या उससे अधिक है और पिछले छह महीने में किसी बडी बीमारी पीड़ित ना हो या आप्रेशन इत्यादि ना करवाया हो, तो रक्तदान कर सकता है।

# स्वयंसेवी छात्राओं ने फर्स्ट एड की ट्रेनिंग ली

**पानीपत।** चौधरी देवीलाल मेमोरियल कन्या पीजी महाविद्यालय गांव सिवाह, पानीपत में सात दिवसीय कैंप के छठे दिन मंगलवार की प्रातः कालीन सत्र की शुरुआत में ध्यान मुद्रा तथा ऋग्वैदिक और उत्तर वैदिक काल के बारे में स्वयंसेवकों को अवगत कराकर वेदों की महिमा को मंडित किया ताकि स्वयं सेवक अपने देश की संस्कृति एवं गौरव का प्रचार कर सकें। शिविर संचालक प्रोफेसर पूनम देवी ने स्वामी दयानंद सरस्वती एवं विवेकानंद के सनातन धर्म के उत्थान एवं वेदों के प्रचार के लिए किए गए प्रयासों से भी अवगत कराया तथा सायंकालीन सत्र में



चौ .देवीलाल कॉलेज में स्वयं सेवी छात्राओं को फर्स्ट एड की ट्रेनिंग देते हुए सोनिया।

पानीपत रेड क्रॉस सोसाइटी से फर्स्ट एड ट्रेनर सोनिया ने स्वयंसेवकों को फर्स्ट एड के बारे में बताते हुए कहा कि इसका उद्देश्य घायल व बीमार व्यक्ति के जीवन को बचाने और स्थिति को और खराब होने से रोकने के लिए दी।

# अधिकारी जन सेवा करें: डॉ. दहिया

■ समाधान शिविर में 115 समस्याएं आई, उपायुक्त ने संबंधी विभाग को दिए समाधान के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के जिला सचिवालय सभागार में जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने कहा कि प्रशासन जनता की समस्यओं का समाधान कर इस सामूहिक मिशन में जनता को सहयोग प्रदान कर रहा है। आग भी इसे यथावत जारी रखा जाएगा। डीसी डॉ. दहिया ने कहा कि जनता समाधान शिविर में अधिकारियों के समग्र दृष्टिकोण ही परिवर्तनकारी बदलाव ला सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह सरकार का सामूहिक मिशन है। सभी अधिकारियों का दायित्व बनता है कि वे अपनी भूमिका निभाने से पीछे ना हटें व कम से कम समय में समस्याओं का समाधान करें। समाधान शिविर में पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह ने कहा कि सभी अधिकारी समन्वय स्थापित करके आमजन की समस्याओं का समाधान करें। समय पर समाधान शिविर में पहुंचे व लोगों की समस्याओं का प्रशंसनीय भूमिका निभाकर समाधान करें। उन्होंने पुलिस विभाग से सम्बंधित समस्याओं को गम्भीरता से सुना व थाना अध्यक्षों को समस्याओं में रूचि लेकर समाधान करने के निर्देश दिए।



**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया, जनसुनवाई करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# इच्छाएं पूर्ण न होने पर युवाओं का मानसिक स्वास्थ्य हो रहा खराब

■ करोना काल के बाद हालात और अधिक बिगडे, तनाव से बचने को योग को अपनाए हर वर्ग

अशोक शर्मा ▶▶| समालखा

उपभोक्तावादी संस्कृति के दौर में एक दूसरे से आगे निकलने के चक्कर में लोग मानसिक रोगी हो रहे हैं। इस तरह की बीमारी बड़े या बुजुर्गों में ही नहीं बल्कि बच्चों और युवाओं में भी तेजी से दिखाई दे रही है। सिविल अस्पताल में प्रति दिन मनोरोग विभाग में करीब 60 तक ओपीडी है। इसके अलावा शहर में तीन बड़े मनोरोग अस्पताल भी हैं। विशेषज्ञ भी मानते हैं कि कोरोना के बाद लोगों पर काम का दबाव पहले की अपेक्षा बढ़ा है। इसके साथ डिजिटल वर्क और मोबाइल देखने की आदत लोगों को इसके नजदीक ले जा रही है। स्मरणीय है कि हर कोई खुद को स्वस्थ मानता है और इसको लेकर प्रयास भी करता है।

**सुसाइड के केस**

मानसिक रूप से अस्वस्थ होने पर आत्महत्या के मामले भी दिनोदिन बढ़ रहे हैं। इसका बड़ा कारण व्यक्ति अपनी कोई समस्या दूसरे के सामने नहीं कहता। खुद ही समाधान करना चाहता है। इसको बताने में वह सामाजिक रूप से शर्मिंदा महसूस करता है। ऐसे में कभी-कभी व्यक्ति आत्महत्या जैसे कदम उठा लेते हैं।

**साइकिल यात्रा** प्रशासन ने महेश के प्रयासों की सरहाना की, अधिकारियों ने उज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया

# अंग दान का संदेश देने के लिए महेश 14 देशों की यात्रा पर निकला

डीसी से जिला सचिवालय में शिष्टाचार भेंट कर आशीर्वाद लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

साइकिल यात्रा करके अंगदान और मानवता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के लिए निकले महेश कुमार की उम्र ज्यादा नहीं है वे बीसीए स्नातक हैं व उनके पिता जी वायु सेना में सेवाएं प्रदान कर सेवानिवृत हो चुके हैं। करीब 14 देशों में अंग दान करने व सामाजिक मुददों को संदेश पहुंचाने को लेकर निकले महेश रेवाड़ी से साइकिल पर हौंसले के साथ निकले है। मन में विश्वास, दृढ निश्चय के साथ मंगलवार को उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र दहिया से जिला सचिवालय में शिष्टाचार भेंट कर आशीर्वाद लिया व अपने मिशन की जानकारी दी। उपायुक्त व प्रशासनिक अधिकारियों ने उनके मिशन को सराहनीय बताया व उन्हें यात्रा की शुभकमानाएं देते हुए उनकी यात्रामंगलमय हो कि कामना की। जिला परिषद सीईओ डॉ.किरण ने जिला सचिवालय से उन्हें शुभकामनाएं देकर रवाना किया।



**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र व एसपी लोकेंद्र सिंह, साइकिल यात्री महेश कुमार का हौसला बढ़ाते हुए। फोटो :हरिभूमि

**हॉग-कॉग तक साइकिल पर जाएंगे**

महेश ने बताया कि वह, नेपाल, भूटान, वेतनाम, थाईलेंड, मलेशिया, सिंगापुर, इण्डोनेशिया, फिलिपिंस और चीन जैसे देशों से होते हुए हॉग-कॉग तक साइकिल पर जाएंगे। उनकी यह पहल न केवल शारिरिक साहस का प्रतीक है बल्कि एक गहरा सामाजिक संदेश भी समाज को दे रही है। उन्होंने बताया कि अंगदान जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर जागरूकता फैलाना उनके मिशन का हिस्सा है। यात्रा जनवरी में प्रारम्भ की एक हजार किलो मीटर का रास्ता तय करके सोमवार को यात्री पानीपत पहुंची। उन्होंने बताया कि वे रेवाड़ी से कश्मीर, कन्याकुमारी चार हजार किलोमीटर सोलो साइक्लिंग कर चुके हैं।

## स्वयं सेवी छात्राओं ने फर्स्ट एड की ट्रेनिंग ली



**पानीपत।** आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर के पांचवें दिन यूथ फ़ॉर मॉय भारत एवं यूथ फ़ॉर डिजिटल लिटरेसी विषय के अंतर्गत विभिन्न स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शिविर के प्रात :कालीन सत्र की शुरुआत योगाभ्यास से हुई, जिसमें स्वयंसेवकों ने प्राणायाम एवं विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में रेडक्रॉस सोसाइटी, पानीपत से डॉ. पूजा सिंघल, त्वचा चिकित्सक डॉ. संचित गोयल एवं अल्ट्रा साइक्लिस्ट महेश कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने मुख्य अतिथियों का कार्यक्रम में पहुचने पर आभार व्यक्त किया। वहीं प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने सभी स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया व एनएसएस समन्वयक प्रो. विवेक गुप्ता व डॉ. मनीषा डुडेजा को सफलतापूर्वक चल रहे शिविर के लिए बधाई दी और भविष्य में ऐसे आयोजनों की निरंतरता बनाए रखने की शुभकामनाएं दी।

## खबर संक्षेप

### ड्रोन पायलट प्रशिक्षण के लिए जमा करवाएं दस्तावेज

**अंबाला।** सहायक कृषि अभियंता सुभाष चंद्र ने बताया कि जिन किसानों ने ड्रोन पायलट प्रशिक्षण के लिए विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किए थे। उन सभी आवेदित किसानों को अवगत करवाया जाता है कि जो दस्तावेज आवेदन के लिए विभागीय पोर्टल पर अपलोड किए गए थे, वह सभी दस्तावेज सहायक कृषि अभियंता अम्बाला के कार्यालय में 28 मार्च 2025 दिन शुक्रवार तक जमा करवाना सुनिश्चित करें। आवेदित किसानों के दस्तावेजों की जांच करके स्कीम के दिशा-निर्देशों के अनुसार उनकी मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी व दस्तावेज जमा न करवाने वाले किसानों के आवेदन रद्द कर दिए जाएंगे। ज्यादा जानकारी प्राप्त करने के लिए किसी भी कार्य दिवस पर सहायक कृषि अभियंता व उप कृषि निदेशक के कार्यालय में सुबह 9 से शाम 5 बजे तक संपर्क किया जा सकता है।

### फायर करने के मामले में दो अन्य आरोपी धरे

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज जान से मारने की नीयत से फायर करने के मामले में पुलिस ने आरोपी नितिन कुमार व आदित्य कुमार को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में संलिप्त अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। लाहा माजरी गांव के रहने वाले सलीम ने 6 मार्च 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी दिनेश पाल उर्फ देशी व अन्य ने उस पर जान से मारने की नीयत से फायर करने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### मारपीट मामले में दो को जांच किया शामिल

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी संजीव उर्फ गूंजू व गुरजीत कुमार उर्फ काका को शामिल जांच किया है। सरसेहड़ी गांव के राजेंद्र कुमार ने 4 मार्च 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 28 फरवरी 2025 को गांव चंदपुरा में आरोपी संजीव उर्फ गूंजू, गुरजीत कुमार उर्फ काका व अन्य ने उससे मारपीट करते हुए चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था

### फर्जी जमानती को गिरफ्तार



**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज फर्जी जमानत देने के मामले में पुलिस ने आरोपी संदीप कुमार को गिरफ्तार किया है। न्यायालय रीडर ने 24 मार्च 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी संदीप कुमार व अन्य ने न्यायालय में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नशा तस्करी के मामले में गिरफ्तार आरोपी विकास की जमानत देने की धोखाधड़ी करने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### आरोपी को किया जांच में शामिल

**अंबाला।** थाना बराड़ा में दर्ज सड़क दुर्घटना में हुई मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी जितेंद्र कुमार को शामिल जांच किया है। राजौली के अविनाश कुमार ने 15 मार्च 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि अद्योया चौक के पास आरोपी चालक ने लापरवाही व तेज गति से मोटरसाइकिल चलाते हुए उसके दोस्त राहुल को पीछे से टक्कर मार दी थी। हादसे में उसकी मौत हो गई थी। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

# प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का हो समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के एसडीएम दर्शन कुमार ने कहा कि समाधान शिविर मे आने वाले हर व्यक्ति की समस्या को गंभीरता से लिया जाए। भरसक प्रयास रहें कि उनकी समस्याओं का मौके पर ही निपटान किया जाए। एसडीएम मंगलवार को डीसी कार्यालय मे आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता कर रहें थे। उन्होंने समाधान शिविर में आमजन की समस्याएं सुनने के साथ-साथ शिविर मे बैठे अधिकारियों को लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। समाधान शिविर राज्य सरकार द्वारा निर्देशित आम नागरिकों की समस्याओं का जल्द समाधान करने के निर्देश दिए।

# गैरकानूनी तरीके से बनाई जा रही इमारत को नप ने किया सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी में हो रहे अवैध निर्माण पर अब नगर परिषद ने कार्रवाई शुरू हो गई है। नप अधिकारियों ने निगार सिनेमा के पास निर्माणाधीन इमारत को सील कर दिया। मौके पर नगर परिषद की पूरी टीम मौजूद रही। निर्माण करने वाले व्यक्ति से भी इस संबंध में जवाब मांगा है। जबकि निर्माणाधीन इमारत पर नोटिस भी चस्पा किया है। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी रविंद्र कुहाड़ ने बताया कि निकलसन रोड पर निगार सिनेमा के पास एक इमारत का निर्माण किया जा रहा था।

### निर्माण से संबंधित दस्तावेज नहीं दिए

इस निर्माण के लिए नगर परिषद की तरफ से इजाजत नहीं ली गई थी। जब निर्माण शुरु हुआ तो तुरंत संबंधित व्यक्ति को नोटिस जारी किया गया। लेकिन उसने कोई जवाब नहीं दिया। इसके बाद दो ओर नोटिस देकर उसे निर्माण से संबंधित दस्तावेज दिखाने के निर्देश दिए गए। बावजूद इसके कोई भी दस्तावेज इमारत के मालिक ने नहीं दिखाया। इसलिए अब निर्माणाधीन इमारत को सील कर दिया गया है।

### कार्रवाई से हड़कंप



### छेड़छाड़ की तो कार्रवाई

अगर फिर भी निर्माण के साथ किसी प्रकार की छेड़छाड़ होगी तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। वहीं, उन्हें अनधिकृत निर्माण करने वाले लोगों को भी चेतावनी दी कि बिना नगर परिषद की इजाजत के कोई निर्माण न करें अन्यथा उनके खिलाफ भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर नगर परिषद के बिल्डिंग निरीक्षक रमेश कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### पिछले दिनों मौसम की मार से उत्पादन पर पड़ा प्रभाव

# अनाज मंडी में सरसों की खरीद में तेजी किसानों ने सरकार के इंतजामों को सराहा

- खरीद केंद्रों पर 16 मार्च से हैफेड एजेंसी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कर रही है खरीद
- मुलाना में 87 मीट्रिक टन बराड़ा में 160 मीट्रिक टन और साहा में मात्र 8 मीट्रिक टन सरसों की खरीद दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

अनाज मंडी में सरसों की भारी आवक तेजी से जारी है। किसान अपनी फसल लेकर मंडी पहुंच रहे हैं, बता दें कि सरकार ने मुलाना, बराड़ा व साहा में सरसों ख़रीद केंद्र बनाया है। हैफेड द्वारा सरसों की खरीद की जा रही है। इन खरीद केंद्रों पर बीती 16 मार्च से हैफेड एजेंसी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद कर रही है। सोमवार तक मुलाना में 87 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की जा चुकी है। बराड़ा में 160 मीट्रिक टन और साहा में मात्र 8 मीट्रिक टन सरसों की खरीद दर्ज हुई है।

किसानों का कहना है कि इस बार मौसम की अनिश्चितता के कारण सरसों के उत्पादन में कमी आई है लेकिन सरकार द्वारा एमएसपी पर खरीद शुरू किए जाने से उन्हें कुछ राहत मिली है। मंडी में खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है, लेकिन किसान फसल के उत्पादन को लेकर चिंतित हैं, क्योंकि हाल ही में हुई बारिश और ओलावृष्टि से फसल प्रभावित हुई है।



मुलाना। अनाज मंडी में आई सरसों की फसल। फोटो : हरिभूमि

### पैदावार को नुकसान

मार्च महीने में कई जगहों पर हुई बारिश और ओलावृष्टि ने सरसों की फसल को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। बराड़ा के आसपास के गांवों—थंबड़, अधोया, उगाला, और अन्य इलाकों में सरसों की फसल पर इस मौसम की मार से प्रति एकड़ उत्पादन में 1.5 से 2 क्विंटल तक की गिरावट आई है।

### किसानों को परेशानी नहीं आने दी जा रही



तेज बारिश और ओलावृष्टि से किसानों को नुकसान तो हुआ है। लेकिन उनके गांव में ऐसा नहीं है। हमने 8 एकड़ में सरसों लगाई थी। जिसमें 9 क्विंटल तक सरसों की पैदावार हुई है। सरकार द्वारा अब बराड़ा- मुलाना साहा में सरसों खरीद के सेंटर देने से लेबर की कोई कमी नहीं है। -हार्दिक

### ओलावृष्टि ने पैदावार को प्रभावित हुई



उगाला गांव के किसान विकास राणा ने बताया, हमने उम्मीद की थी कि इस बार सरसों की अच्छी पैदावार होगी लेकिन ओलावृष्टि ने पैदावार को प्रभावित किया है। मैनें 6 एकड़ में सरसों लगाई थी। पैदावार में ओलावृष्टि से काफी कमी आई है।
-विकास राणा, किसान

### किसानों को परेशानी नहीं आने दी जा रही



सरसों की खरीद सुचारू रूप से ज्यादा जारी है। किसानों को कोई परेशानी नहीं आने दी जा रही है। अब तक हल्का मुलाना में बराड़ा अनाज मंडी में सबसे ज्यादा सरसों की खरीद 160 मीट्रिक टन की जा चुकी है।

### तेज बारिश से सरसों की पैदावार घटी



गोकलगढ़ के किसान राजकुमार ने बताया कि हमने पिछले साल 6 एकड़ सरसों लगाई थी। जिसकी एवरेज 7 क्विंटल प्रति एकड़ आई थी। लेकिन इस बार तेज बारिश से पैदावार घटी है। एक एकड़ में तो केवल 4.5 क्विंटल सरसों निकली है। तेज बारिश से नुक्सान हुआ है।
-राजकुमार, किसान



नारायणगढ़। डीएसपी को ज्ञापन सौंपते सर्व समाज के लोग। फोटो : हरिभूमि

### डीएसपी को लोगों ने सौंपा ज्ञापन

# बसपा नेता की हत्या में वांटेड आरोपियों की गिरफ्तारी हो

- एक अप्रैल तक आरोपियों की गिरफ्तारी का दिया अल्टीमेटम
- लगभग 2 माह पूर्व बसपा नेता हरबिलास की हुई थी हत्या
- सर्वसमाज के अनेकों लोगों ने डीएसपी से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

लगभग 2 माह पूर्व बसपा नेता एवं वकील हरबिलास रज्जूमाजरा की हुई हत्या के मामले में शेष आरोपियों की अभी तक गिरफ्तारी न होने के चलते सर्व समाज में भारी रोष व्याप्त है। इसी रोष स्वरूप मंगलवार को सर्वसमाज के अनेकों लोगों ने डीएसपी से भेंट कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। उसमें यह कहा गया कि मुख्य आरोपी वैंकट गर्ग, तुषार और निहाल को तुरंत गिरफतार किया जाए। इस बारे लोगों ने डीएसपी को इन आरोपियों की गिरफ्तारी एक अप्रैल तक किए जाने की मांग की। गिरफ्तारी न किए जाने पर सर्व समाज के लोगों ने सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने की घोषणा की।

बता दें कि गत 24 जनवरी को बसपा नेता एवं स्थानीय वकील हरबिलास रज्जूमाजरा की गोलियां मारकर उस समय हत्या कर दी थी जब वह अपने दो अन्य साथियों के साथ स्थानीय रूद्राक्ष पार्क के समीप अपनी कार में बैठे थे। तभी मोटरसाइकिलों पर आए हत्यारों ने उन पर गोलियां चला दी। बुरी तरह जख्मी हरबिलास ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया था। इस अवसर पर सर्व समाज के सुदर्शन सिंह, राम चंद्र, नरेंद्र सिंह, सुरजीत सिंह सहित अनेकों लोग उपस्थित रहे।



अंबाला। बैठक के दौरान एजीएम वरिंदर तथा एल्डर्स फ़ोरम के सदस्य।

## हैवनली पैलेस के सीनियर सिटीज़न होम में बुजुर्गों को मिल रही फाइव स्टार सुविधाएं

**अंबाला।** एल्डर्स फ़ोरम द्वारा रोटरी अस्पताल के रेडक्रॉस भवन में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता फ़ोरम के अध्यक्ष कमलेश गुप्ता द्वारा की गई। इस अवसर पर मानवता की सेवा को समर्पित ड्रीम एंड ब्यूटी चेरिटेबल ट्रस्ट के सहायक महाप्रबंधक वरिंदर को आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर वरिंदर ने बताया कि ड्रीम एंड ब्यूटी चेरिटेबल ट्रस्ट अमेरिका के सफल भारतीय उद्यमी अनिल मोंगा द्वारा स्थापित किया गया है। इसका उद्देश्य मानवता की सेवा करना है। उन्होंने बताया कि लुधियाना के अंतर्गत आते क़स्बा दोराहा में नहर के किनारे इस ट्रस्ट द्वारा 14 एकड़ में बनाए गए हैवनली पैलेस नामक भव्य सीनियर सिटीज़न होम में बुज़ुर्गों के लिए फाइव-स्टार स्तर की सुविधाएं उपलब्ध हैं। यहां विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े वरिष्ठ नागरिक, सेवानिवृत्त अधिकारी और प्रवासी भारतीय बुज़ुर्ग निवास कर रहे हैं।



अंबाला। हवन यज्ञ में आहुतियां डालते प्रिंसिपल व शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

## डॉ. पूनम सूरी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित हुआ शुभ-कामना हवन यज्ञ

**अंबाला।** डीएवी कॉलेज प्रबंध समिति, नई दिल्ली, एवं आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि सभा के प्रधान पद्मश्री अलंकृत श्रद्धेय डॉ. पूनम सूरी के 77 वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में शुभ-कामना हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस हवन यज्ञ के माध्यम से प्रधान की दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य व सुखी जीवन की कामना की गई। स्कूल प्राचार्य डॉ. विकास कोहली ने अपने वक्तव्य में कहा कि डॉ. पूनम सूरी डीएवी कॉलेज प्रबंधक समिति के सर्वोच्च अग्रदूत हैं। उन्हें साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान के लिए आदर्श और सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार /"पद्मश्री/" से नवाजा गया है। महात्मा आनंद स्वामी के प्रख्यात पौत्र,डॉ. पूनम सूरी एक प्रख्यात शिक्षाविद् हैं। इसके परिणामस्वरूप डीएवी कॉलेज प्रबंध समिति में नई परियोजनाओं की पहल की जा रही हैं।

### संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में डिजिटल साक्षरता पर वर्कशॉप

# छात्राओं को मुक्त शैक्षिक संसाधन 'ओईआर' के महत्व से अवगत करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में मंगलवार को डिजिटल साक्षरता पर ऑनलाइन वर्कशॉप का आयोजन किया गया। यह वर्कशॉप लाइब्रेरी विभाग द्वारा लाइब्रेरियन सीमा सैनी की देखरेख में आयोजित की गई। इस अवसर पर महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय जगाधरी के लाइब्रेरियन लखपत सिंह ने कॉलेज में शिरकत की और छात्राओं को मुक्त शैक्षिक संसाधन (ओईआर) के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ओईआर वे संसाधन हैं जो स्वतंत्र रूप से और सार्वजनिक रूप से उपलब्ध होते हैं, जिनका उपयोग, सांझा और संशोधन किया जा सकता है। यह शिक्षा में पहुंच और सामर्थ्य को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने बताया कि ओईआर पाठ्यक्रम सामग्री की लागत को कम करता है और शिक्षकों व छात्रों को गुणवत्तापूर्ण संसाधनों तक समान पहुंच प्रदान करता है। वर्कशॉप के दौरान लखपत सिंह ने छात्राओं को वेबलिब के माध्यम से किताबों की जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने शिक्षकों को भी डिजिटल संसाधनों के उपयोग पर प्रशिक्षण दिया। लाइब्रेरियन सीमा सैनी ने वर्कशॉप का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को ओपन एजुकेशनल एनालिस्ट, ई-पीजी रिसोर्सेज, पाठशाला और ई-ज्ञानकोष जैसी डिजिटल शैक्षिक संसाधनों से परिचित कराना बताया।



बराड़ा। महाराजा अग्रसेन कॉलेज के लाइब्रेरियन को सम्मानित करते हुए।

## कुरुक्षेत्र में आयोजित होगी राज्य पशु प्रदर्शनी, पालकों को मिलेगा मौका

**अंबाला।** उपनिदेशक सघन पशुधन विकास प्रयोजना ने बताया कि पशुपालन विभाग द्वारा 30 मार्च से 1 अप्रैल 2025 तक कुरुक्षेत्र में 41वां राज्य पशु प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतिष्ठित आयोजन का उद्देश्य पशुपालन को बढ़ावा देना और इस क्षेत्र में नवीनतम प्रगति को प्रदर्शित करना है। इस प्रदर्शनी में गाय, भैंस, भेड़, बकरी और अन्य प्रजातियों के श्रेष्ठ पशुओं का प्रदर्शन किया जाएगा। इन पशुओं का चयन उनकी विशिष्ट नस्ल गुणों के लिए किया गया है और वे अपनी-अपनी श्रेणियों में शीर्ष सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। इस आयोजन के दौरान पशुपालन विभाग अपनी नई नीतियों और योजनाओं को भी प्रदर्शित करेगा, जिनका उद्देश्य राज्य में पशुपालन को बढ़ावा देना है। ये पहल पशुओं की उत्पादकता और स्वास्थ्य में सुधार करने के लिए डिजाइन की गई हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### शर्मा ब्रदर्स को किया सम्मानित

**कुरुक्षेत्र।** वेद पुराणों के अनुसार सरस्वती तीर्थ पिहोवा में पिंडदान व गति कर्म-काण्ड करने का विशेष महत्व है, इसी बात को ध्यान मे रखकर शर्मा ब्रदर्स ने अब तक के आए सभी भजनों से हटकर पितरों के ऊपर भजन मार्केट मे प्रस्तुत किया है। सोनटेक कम्पनी मालिक हंस राज ने शर्मा ब्रदर्स को सम्मानित भी किया।

**कार्यक्रम** ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय ने न्यू जनकपुरी में आयोजित किया आध्यात्मिक कार्यक्रम

*अब बड़े घर तो हैं, लेकिन परिवार नहीं रहे*

# तमन्ना चंद्रमा को छूने की लेकिन अपने माता-पिता के पैर छूने में आती है शर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

ब्रहमाकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय शांतिधाम की ओर से अंबाला छावनी की न्यू जनकपुरी में राजयोग द्वारा सुखी स्वस्थ जीवन विषय पर आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम विभिन्न स्थानों से आई राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी बहनों की उपस्थिति में किया गया। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शैली दीदी ने कहा कि इस समय साइंस और टेक्नोलॉजी के साथ जो विकास हो रहा है उसके तो हम सभी साक्षी हैं, लेकिन इस आधुनिक समाज का दूसरा पहलू भी हम देखते हैं। अब बड़े घर हैं लेकिन परिवार नहीं रहे। लोग ज़्यादा पढ़े लिखे हैं लेकिन तमीज शायद कही लॉकर में रख दी है। महंगी दवाई है लेकिन स्वास्थ्य की कोई गारंटी नहीं है।

चंद्रमा को छूना है लेकिन अपने माता पिता के पैर छूने में शर्म आती है। घड़ियां महंगी हैं लेकिन समय किसी के पास नहीं है। साइंस और टेक्नोलॉजी से लाइफ में सुविधाएं तो बढ़ गई लेकिन मन की शांति के लिए हमें कोई न कोई प्रयास करना पड़ता है। या फिर कोई दिन या कोई त्यौहार का बहाना करना पड़ता है। टेक्नोलॉजी को इस्तेमाल करते समय हमें इन बुराइयों की दलदल से व हर तरह की आपदा से मुक्त कराने के लिए इस संसार से अधर्म को मिटाने के लिए इस धरा पर परमात्मा का अवतरण होता है। परमात्मा कर्मगति का ज्ञान हमारे सामने रखते है। परमात्मा ने स्वयं राजयोग का ज्ञान दिया। जिस राजयोग से न केवल मानसिक शांति मिलती है, बल्कि आत्मिक विकास में भी सहायक है।





अंबाला। झंडा फहराने की रस्म अदा करती बीके बहनें व एक दूसरे को आशीर्वाद देते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### स्वयं को परमात्मा के साथ कनेक्ट करें

राजयोग मेडिटेशन एक सरल अभ्यास है जो कहीं भी किसी भी समय और खुली आंखों के साथ किया जा सकता है। इस अभ्यास के द्वारा आप परमात्मा से जुड़कर सर्व संबंधों की उनसे अनुभूति कर सकते हैं। इसके लिए स्वयं को आत्मिक स्वरूप में स्थिर कर परमात्मा के साथ कनेक्ट करना हैं। राजयोग एक संपूर्ण योग है जो हमारे शरीर और मन, बुद्धि को संयमित रखता है। इससे हमारे विचारों में सकारात्मकता आती है। राजयोग द्वारा तनाव से मुक्ति, अनिद्रा से मुक्ति, संबंधों में मधुरता व निश्चिंतता आती है। अंबाला सब जोन निर्देशिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने सबको आशीर्वचन दिया।